# उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की सप्तम बैठक
# दिनांक 16/11/2011 बैठक की कार्यवृत

विश्वविद्यालय **"कार्यपरिषद"** की सप्तम बैठक दिनांक 16/11/2011 (दिन बुधवार) को पूर्वाह्न 11.00 बजे से होटल ग्रेट वैल्यू, राजपुर रोड, देहरादून में **प्रो0 दुर्गसिंह चौहान**, माननीय कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित महानुभावों नें प्रतिभाग किया:–

1 प्रो0 दुर्गसिंह चौहान, कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
2 प्रो0 एच0सी0नैनवाल, प्रतिकुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।
3 अपर सचिव, तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड सरकार।
4 प्राचार्य, जी0बी0 पन्त इंजीनियंरिग कॉलेज, पौडी।
5 श्री प्रमोद कुमार जोशी, वित्तनियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।

उपरोक्त महानुभावों के अतिरिक्त उक्त बैठक में निम्नलिखित महानुभाव विशेष आमंत्रित के रुप में उपस्थित रहे–

1 प्रो0 विजय जुयाल, ओ0एस0डी0, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
2 प्रो0 आर0के0सिंह, ओ0एस0डी0, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3 डॉ0 आशीष उनियाल, उप–कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
4 श्री एस0पी0सच्चान, ओ0एस0डी0, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
5 श्री अवधेश नौटियाल, उप–परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
6 श्री सत्यप्रकाश रावत, सहायक कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।

बैठक का शुभारंभ करते हुए मा0 कुलपति महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया, तथा उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के विकास एंव उत्थान में समस्त सम्मानित सदस्यों के सक्रिय सहयोग एंव मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी। मा0 कुलप्रति महोदय के उक्त उद्बोधन के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी, जिसमें निम्न निर्णय लिए गये:–

**मद सं01**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की सप्तम् बैठक में माननीय कुलपति महोदय द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत।

**विनिश्चय:–**

मा0 कुलपति महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में आयोजित होने वाली इस प्रकार कि महत्वपूर्ण बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्य भाग लेने का कष्ट करें। जिसके लिए उन्हे आमंत्रण पत्र यथासमय पर भेजना सुनिश्चित करना होगा, ताकि बैठक सार्थक रहे।

**मद सं02**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कार्य परिषद की षष्ठम् बैठक दिनांक 20/04/2011 के कार्यवृत्त एवं की गयी कार्यवाही की पुष्टि।

**विनिश्चयः—**

कार्यपरिषद् ने सर्व सम्मति से कार्यपरिषद की षष्ठम् बैठक दिनांक 20.04.2011 के कार्यवृत्तों की सम्पुष्टि की। उक्त बैठक में नई टिहरी में टी0एच0डी0सी0 इंस्टीट्यूट ऑफ हाईड्रोपावर इंजीनियरिंग टैक्नोलॉजी की स्थापना तथा उक्त संस्थान में बी0टैक0 प्रथम वर्ष में भरी गयी सीटों के संबंध में माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया। सत्र 2011—12 में 255 छात्र/छात्राओं ने उक्त संस्थान में प्रवेश लिया है।

**मद सं03**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा आबंटित की गयी भूमि एवं वर्तमान में बन रहे भवन की प्रगति पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चयः—**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा आंवटित की गयी भूमि एंव वर्तमान में बन रहें भवन के संबंध में सदस्यों को अब तक की हुयी प्रगति के बारे में मा0 कुलपति महोदय ने अवगत कराया तथा यह कहा गया कि उत्तर प्रदेश निर्माण निगम को लगभग 92% का भुगतान कर दिया गया है। भवन निर्माण में कुल लागत रू0 34.05 करोड़ आने का अनुमान है। जिसके लिए शासन को तकनीकी एंव प्रशासनिक स्वीकृति हेतु पत्र भेज दिया गया है। सदस्यों ने भवन निर्माण की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा यह उम्मीद की कि विश्वविद्यालय का भवन आगामी मार्च 2012 तक पूर्ण हो जायेगा, ऐसा प्रयत्न करना चाहिए।

**मद सं04**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए आगामी वर्ष की योजनाओं पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चयः—**

मा0 कुलपति महोदय ने उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं जैसे पी0एच0डी0,एम0टैक0 तथा एम0फार्मा0 पाठयक्रमों को और भी प्रभावशाली ढंग से चलाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किये गये प्रावधानों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया। सदस्यों द्वारा इसकी सम्पुष्टि की गयी।

**मद सं05** उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा 'सीमान्त तकनीकी संस्थान' पिथौरागढ़ जनपद में खोले जाने के संबंध में अभी तक की प्रगति एवं संस्थान से जुड़े हुए अन्य बिन्दुओं पर चर्चा।

**विनिश्चयः—**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय का एक और संघटक सस्थान ''सीमान्त तकनीकी सस्थान पिथौरागढ'' इसी सत्र से प्रारम्भ हो गया है। जिसके लिए स्व0 विपिन चन्द्र त्रिपाठी इंजीनियंरिग संस्थान, द्वाराहाट के प्राचार्य को कार्यवाहक प्राचार्य का अतिरिक्त पदभार दिया गया है। सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव का समर्थन किया गया।

**मद सं06**

माननीय कुलपति एवं प्रतिकुलपति के कार्यकाल विस्तारण के संबंध में चर्चा हेतु प्रस्तुत।

**विनिश्चयः—**

चूँकि यह मद शासन से संबंध रखता है, अतः उक्त पर कोई परिचर्चा नही की गयी।

**मद सं07**

विश्वविद्यालय के लिए सृजित पदों के संबंध की गयी प्रगति पर विचार।

**विनिश्चयः—**

वित्तनियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के लिए सृजित पदों के संबंध में शासन को प्रेषित प्रस्ताव की स्वीकृति विश्वविद्यालय को अभी तक प्राप्त नही हुई है। यद्यपि इस विषय में शासन ने अपने पत्र सख्यां **1270/XLI-2011-39/05** दिनांक 25.11. 2011 के द्वारा विश्वविद्यालय से कुछ बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के लिए कहा है। विश्वविद्यालय शासन द्वारा मांगे गये स्पष्टीकरण को तैयार कर रहा है, जिसे शीघ्र ही शासन को उपलब्ध करा दिया जायेगा। सदस्यों की यह राय रही कि उक्त प्रकरण पर विश्वविद्यालय पुनः शासन से सम्पर्क कर शीघ्र शासनादेश प्राप्त करनें का प्रयत्न करें।

**मद सं08**

राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सुद्धौवाला में डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स को जोड़ते हुए महिला इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापना की वर्तमान स्थिति पर परिचर्चा।

**विनिश्चयः—**

मा0 कुलपति महोदय ने वर्ष 2012—13 में राजकीय महिला पौलिटैक्निक सुद्धौवाला में डिप्लोमा एंव डिग्री कोर्स को जोडते हुए उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय अपने एक नये संघटक महिला इंजीनियंरिग कॉलेल स्थापना करने की जानकारी सदस्यों को दी। जिसे सर्व सम्मति से उपस्थित सदस्यों ने समर्थन व्यक्त करते हुए मा0 कुलपति महोदय द्वारा की गयी कार्यवाही के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया।

**मद सं09**

विश्वविद्यालय में एम0 फार्मा0 एवं एम0टैक0 प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान सत्र 2011—2012 से प्रारम्भ हो गयी हैं तथा अभ्यर्थियों की कक्षांए विधिवत् प्रारम्भ हो गयी हैं। इस कार्य हेतु विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति के अनुमोदन पर विचार।

**विनिश्चयः—**

समिति प्रश्नगत प्रकरण से सहमत हुई तथा मा0 कुलपति महोदय को आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञों के नियुक्ति के लिए अधिकृत किया गया। वर्तमान सत्र 2011—12 मे एम0टैक0 में 37 तथा एम0फार्मा0 में 32 छात्र/छात्राऐं अध्यनरत हैं।

**मद सं010**

विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, होटल मैनेज़ेंट के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे वर्ष 2011 ~~में 70% व इससे अधिक प्राप्तांकों में~~ उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियॉ प्रदान किये जाने ~~तथा अन्य उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियों का वितरण सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान द्वारा ही प्रदान किये जाने~~ पर विचार।

**विनिश्चयः—**

मा0 कुलपति महोदय द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि महामहिम राज्यपाल एंव कुलाधिपति महोदया की अनुपलब्धता के कारण विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह दिनांक 23.11.2011 को आयोजित न होकर दिनांक 12. 12.2011 को एफ0आर0आई0 के दीक्षांत सभागार में आयोजित किया जायेगा। एफ0आर0आई0 के सभागार में सीमित जगह होने के कारण दीक्षांत समारोह में जिन छात्र/छात्राओं के 70% अधिक अंक है, उन्हें ही समारोह में डिग्री दिये जाने का प्रावधान किया गया है, जिसे सर्व सम्मति से सदस्यों ने पारित किया। ~~शेष छात्र/छात्राओं को उपाधि वितरण संस्थान स्तर पर किया जायेगा~~।

**मद सं011**

विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में सभी उपाधि प्रदान किए जाने वाले छात्रों की सूची प्रस्तावित पर अनमोदन।

**विनिश्चयः—**

सदस्यों ने प्रस्तावित संलग्न सूची पर अपना अनुमोदन दिया ।

**मद सं012**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की दिनांक 14/11/2011 को आयोजित विद्यापरिषद् की सम्पन्न हुई तृतीय बैठक के कार्यवृत पर चर्चा।

**विनिश्चयः—**

कार्यपरिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से दिनांक 14.11.2011 को आयोजित विद्यापरिषद् के कार्यवृत की सम्पुष्टि की।

**मद सं013**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की दिनांक 11/11/2011 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

**विनिश्चयः—**

कार्यपरिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से दिनांक 11.11.2011 को आयोजित परीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत की सम्पुष्टि की।

**मद सं014**

कार्यपरिषद् की उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को वित्त समिति की बैठक दिनांक 15/11/2011 के बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

**विनिश्चयः—**

कार्यपरिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से दिनांक 15.11.2011 को आयोजित वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत का अनुमोदन किया।

**मद सं015**

विश्वविद्यालय के 'तृतीय दीक्षांत समारोह' दिनांक 23 नवम्बर, 2011 (बुधवार) को आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में विचार।

**विनिश्चयः—**

मा0 कुलपति महोदय द्वारा ''कार्यपरिषद्'' में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि महामहिम कुलाधिपति एंव राज्यपाल उत्तराखण्ड के सचिवालय ने विश्वविद्यालय को अवगत कराया कि महामहिम राज्यपाल की अनुउपलब्ध होने के कारण दिनांक 23.11.2011 को विश्वविद्यालय के प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित नही हो पायेंगी तथा उक्त तृतीय दीक्षांत समारोह 12.12.2011 को आयोजित किया जाय। सदस्यों ने महामहिम सचिवालय द्वारा सुझाए गये प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह दिनांक 12.12.2011 को आयोजित करने की सम्पुष्टि प्रदान की।

**मद सं016**

विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह जो दिनांक 12.12.2011 को होना प्रस्तावित है, उसमें ख्याति प्राप्त महानुभावों को प्रो0 एस0वी0 राघवन, वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार तथा प्रो0 संजय जी0 ढ़ांडे, निदेशक, आई0आई0टी0 कानपुर को डी0एस0सी0 (Honoris Causa) तथा डा0 पदमा सेठ, सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली डी0 लिट (Honoris Causa) की उपाधि से विभूषित किये जाने के संबंध में विचार।

**विनिश्चयः—**

मा0 कुलपति महोदय ने प्रो0 एस0वी0 राघवन, वैज्ञानिक सलाहकार, भारत सरकार तथा प्रो0 संजय जी0 ढ़ांडे, निदेशक, आई0आई0टी0 कानपुर को डी0एस0सी0 (Honoris Causa) तथा डा0 पदमा सेठ, सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली को डी0 लिट (Honoris Causa) की उपाधि देने के संबंध में सदस्यों को उपरोक्त महानुभावों द्वारा अपने—अपने क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों से अवगत कराया गया। उक्त प्रस्ताव का सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

बैठक के अन्त में सदस्यों द्वारा मा0 कुलपति महोदय द्वारा उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की गरिमा को अग्रसर करने का जो प्रयास किया जा रहा है उस प्रयास की सराहना करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में विश्वविद्यालय के सर्वागीण् विकास के लिए उनका सहयोग मिलता रहेगा। अंत में मा0 अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रमोद कुमार जोशी)
वित्तनियंत्रक / कुलसचिव

(प्रो0 दुर्गसिंह चौहान)
कुलपति / अध्यक्ष